## दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंश

1. पल्लवों के एकाश्मीय रथ मिलने का स्थान है–
(अ) कांचीपुरम (ब) पुरी
(स) महाबलिपुरम (द) आगरा
उत्तर : (स) SSC 1999

2. महाबलिपुरम, जो एक मुख्य नगर है, वह कला में किन शासकों की रूचि को दर्शाता है ?
(अ) पल्लवों की (ब) चेरों की
(स) पाण्ड्यों की (द) चालुक्यों की
उत्तर : (अ) SSC 2002, RRB 2004

3. 'विचित्र चित्त', 'मत्तविलास' आदि उपाधि धारण करने वाला पल्लव शासक था–
(अ) महेन्द्रवर्मन प्रथम (ब) महेन्द्रवर्मन द्वितीय
(स) नंदिवर्मन (द) अपराजित
उत्तर : (ब)

4. मंदिर स्थापत्य कला की द्रविड़ शैली का आरंभ किस राजवंश के समय में हुआ था ?
(अ) पल्लव (ब) चोल
(स) राष्ट्रकूट (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

5. पल्लवों की राजभाषा थी–
(अ) संस्कृत (ब) तमिल
(स) प्राकृत (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

6. हुएनसांग के कांची प्रवास के समय पल्लव शासक था–
(अ) महेन्द्रवर्मन प्रथम
(ब) नरसिंहवर्मन प्रथम 'माम्मल'
(स) महेन्द्रवर्मन द्वितीय
(द) नरसिंहवर्मन द्वितीय 'राजसिंह'
उत्तर : (स)

7. आलवारों (वैष्णव संतों) एवं नायनारों/आडियारों (शैव संतों) द्वारा दक्षिण में भक्ति आंदोलन किस राजवंश के समय में आरंभ हुआ ?
(अ) पल्लव (ब) चालुक्य
(स) चोल (द) विजयनगर
उत्तर : (अ)

8. श्रीलंका पर विजय प्राप्त करने वाला चोल वंश का सबसे प्रतापी राजा था–
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) राजेन्द्र द्वितीय (द) विक्रम चोल
उत्तर : (ब) SSC 2002
व्याख्या– राजराज प्रथम का पुत्र एवं उत्तराधिकारी राजेन्द्र प्रथम 1014 ई. में चोल राजवंश के सिंहासन पर बैठा। 1017 ई. में सिंहल (श्रीलंका) राज्य के विरुद्ध अभियान में उसने वहाँ के शासक महेन्द्र पंचम को परास्त कर सम्पूर्ण सिंहल राज्य को अपने अधिकार में कर लिया। श्रीलंका को विजित कर उसने पाण्ड्य तथा चेरों को परास्त किया। उसने 'गंगैकोण्डचोल', 'वीर राजेन्द्र, 'मुडिगोंडचोल' आदि उपाधियाँ धारण की थी। राजेन्द्र प्रथम की उपलब्धियों के बारे में सही जानकारी तिरुवालंगाडु एवं करंदाई अभिलेखों में मिलती है।

9. निम्नलिखित में किसने तंजौर में वृहदेश्वर मंदिर का निर्माण कराया था ?
(अ) आदित्य प्रथम ने (ब) राजराजा प्रथम ने
(स) राजेन्द्र प्रथम ने (द) कारिकाल ने
उत्तर : (ब) SSC 2002, UPPCS 2001

10. निम्नलिखित में से कौन–सा शहर चोल राजाओं की राजधानी था ?
(अ) सांची (ब) तंजौर
(स) मदुरै (द) त्रिचिरापल्ली
उत्तर : (ब) SSC 2002

11. चोल राज्य की राजधानी तंजौर को बनाने वाला कौन था ?
(अ) विजयालय (ब) परांतक प्रथम
(स) परातंक द्वितीय (द) राजराजा प्रथम
उत्तर : (अ)

12. राजेन्द्र चोल द्वारा किये गये बंगाल अभियान के समय बंगाल का शासक कौन था ?
(अ) महिपाल द्वितीय (ब) नयपाल
(स) देवपाल (द) महिपाल प्रथम
उत्तर : (द)

13. निम्नलिखित राजवंशों में से किसने श्रीलंका एवं दक्षिण–पूर्व एशिया को जीता ?
(अ) पाण्ड्य (ब) चालुक्य
(स) चोल ने (द) राष्ट्रकूट
उत्तर : (स) SSC 2001

14. निम्नलिखित में से किस शासक के पास एक शक्तिशाली नौसेना थी–
(अ) चोल (ब) पाण्ड्य
(स) चेर (द) पल्लव
उत्तर : (अ) RRB 2005, RAS/RTS 1992

15. प्रथम भारतीय शासक कौन था, जिसने अरब सागर में भारतीय नौसेना की सर्वोच्चता स्थपित की ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) राजाधिराज (द) कुलोत्तुंग प्रथम
उत्तर : (अ) SSC 1999

16. चोल युग प्रसिद्ध था निम्न के लिए–
(अ) धार्मिक विश्वास (ब) ग्रामीण सभाएँ
(स) राष्ट्रकूटों से युद्ध (द) लंका से व्यापार
उत्तर : (ब) RAS/RTS 1995

www.rajstudents.com

17. चोल राज्य का संस्थापक विजयालय पहले किसका सामंत था ?
(अ) पल्लव (ब) पाण्ड्य
(स) चालुक्य (द) राष्ट्रकूट
उत्तर : (ब) RAS/RTS 1995

18. चोलों का राज्य किस क्षेत्र में फैला हुआ था ?
(अ) विजयनगर क्षेत्र
(ब) मालाबार क्षेत्र
(स) दक्कन का पठार
(द) कोरोमण्डल तट, दक्कन के कुछ भाग
उत्तर : (द) UPPCS 1991

19. चोल शासकों के समय में बनी हुई प्रतिमाओं में सबसे अधिक विख्यात हुई–
(अ) पत्थर की प्रतिमाएँ
(ब) संगमरमर की प्रतिमाएँ
(स) विष्णु भगवान की प्रस्तर प्रतिमाएँ
(द) नटराज शिव की कांस्य प्रतिमाएँ
उत्तर : (द) RAS/RTS 1995

20. प्रसिद्ध चोल शासक राजराजा का मूल नाम था–
(अ) अरिमोलिवर्मन (ब) विजयवर्मन
(स) रघुवर्मन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

21. वह चोल राजा कौन था जिसने श्रीलंका को पूर्ण स्वतंत्रता दी और सिंहल राजकुमार के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दिया था ?
(अ) कुलोत्तुंग प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) अधिराजेन्द्र (द) राजाधिराज
उत्तर : (अ) UPPCS 2012

22. गंगैकोण्डचोलपुरम का शिवमंदिर का निर्माण किसके समय में हुआ ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) परांतक प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

23. चोलकालीन तमिल साहित्य के त्रिरत्न में शामिल नहीं है–
(अ) कम्बन (ब) कुट्टन
(स) पुगलेन्दि (द) जयगोन्दर
उत्तर : (द)

24. चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे–
(अ) कुलंजु (ब) काशु
(स) रूपक (द) दीनार
उत्तर : (अ)

25. चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कहलाती थी–
(अ) प्रभुमान्यम् (ब) देवदान
(स) ब्रह्मदेय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

26. चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(अ) लोकमहादेवी (ब) कुंदवा
(स) अम्मनदेवी (द) मधुरान्तकी
उत्तर : (अ)

27. चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था–
(अ) भू–राजस्व/लगान (ब) गृह कर
(स) चारागाह कर (द) जलाशय कर
उत्तर : (अ)

28. चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(अ) परांतक प्रथम (ब) राजराजा प्रथम
(स) राजेन्द्र प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

29. प्रसिद्ध कलाविद् फर्ग्यूसन ने किसके बारे में कहा है कि–''उस काल के कलाकारों ने दैत्यों की तरह कल्पना की और जौहरियों की तरह उसे पूरा किया''?
(अ) चोल स्थापत्य कला
(ब) राष्ट्रकूट स्थापत्य कला
(स) विजयनगर स्थापत्य कला
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

30. चोलों की पहली सामुद्रिक विजय 'श्रीलंका विजय' एवं नौसेना के गठन का श्रेय किसको है ?
(अ) परांतक प्रथम (ब) राजराजा प्रथम
(स) राजेन्द्र प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

31. किस चोल शासक ने अपनी यशस्वी विजयों का समापन मालदीव द्वीप की विजय से किया ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) कुलोत्तुंग प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

32. किस चोल शासक ने 1000 ई. में भू–राजस्व के निर्धारण के लिए भूमि का सर्वेक्षण करवाया ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) परांतक प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

33. किसने कलिंग, ओड्र तथा बंगाल के पाल पर आक्रमण किया जो कि तमिल प्रदेश से किया गया प्रथम उत्तरी सैनिक अभियान था और साथ ही जिसने इस ऐतिहासिक भ्रम को तोड़ा कि उत्तर से ही दक्षिण को विजित किया जा सकता है, दक्षिण से उत्तर को नहीं ?
(अ) राजेन्द्र प्रथम (ब) राजराजा प्रथम
(स) परांतक प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

34. किस चोल शासक ने श्रीलंका के शेष बचे दक्षिणी भाग पर अधिकार कर श्रीलंका विजय को पूर्ण किया ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) परांतक प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

35. किसने चिदम्बरम के निकट गंगकौण्डचोलपुरम बसाया और उसे अपनी राजधानी बनायी ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) कुलोत्तुंग चोल प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

36. किसने इण्डोनेशिया के एक द्वीप सुमात्रा के विजय साम्राज्य के शासक विजयोत्तुंवर्मन को पराजित किया तथा निकोबार द्वीप समूह व मलेशिया प्रायद्वीप के मध्य कडारम सहित 12 द्वीपों पर अधिकार कर लिया ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) परांतक प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

37. चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल शासक थे–
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) कुलोत्तुंग चोल प्रथम (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

38. होयसल स्मारक पाए जाते हैं–
(अ) हम्पी और हास्पेट में
(ब) हलेविड और बेलूर में
(स) मैसूर और बंगलूर में
(द) श्रृंगेरी और धारवाड़ में
उत्तर : (ब) UPPCS 2001

39. चोलों द्वारा किसके साथ घनिष्ठ राजनीतिक तथा वैवाहिक संबंध स्थापित किया गया ?
(अ) वेंगी के चालुक्य
(ब) कल्याणी के चालुक्य
(स) बादामी के चालुक्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 1996

40. चोल राजाओं ने किस धर्म को संरक्षण प्रदान किया ?
(अ) जैन धर्म (ब) बौद्ध धर्म
(स) शैव धर्म (द) वैष्णव धर्म
उत्तर : (स) SSC 1999

41. किस चोल शासक ने चिदम्बरम का प्रसिद्ध नटराज मंदिर का निर्माण कराया था ?
(अ) परांतक प्रथम (ब) राजराजा प्रथम
(स) राजेन्द्र प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

42. अभिलेखों को ऐतिहासिक प्राक्कथन के साथ प्रारम्भ करने की परम्परा का सूत्रपात किया ?
(अ) परांतक प्रथम (ब) राजराजा प्रथम
(स) राजेन्द्र प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

43. किस चोलक शासक ने श्रीलंका के शासक महेन्द्र पंचम के समय में श्रीलंका पर आक्रमण कर उसकी राजधानी अनुराधापुरम् को नष्ट किया एवं उत्तरी श्रीलंका पर अधिकार कर लिया ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) परांतक प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

44. चोल राज्य की राजधानी तंजौर को बनाने वाला कौन था ?
(अ) विजयालय (ब) परांतक प्रथम
(स) परांतक द्वितीय (द) राजराजा प्रथम
उत्तर : (अ)

45. चोल राज्य का संस्थापक विजयालय पहले किसका सामंत था ?
(अ) पल्लव (ब) पाण्ड्य
(स) चालुक्य (द) राष्ट्रकूट
उत्तर : (अ)

46. चोल काल में निर्मित नटराज की कांस्य प्रतिमाओं में देवाकृति प्रायः है–
(अ) अष्टभुज (ब) षट्भुज
(स) चतुर्भुज (द) द्विभुज
उत्तर : (स) UPPCS 1995

47. 9वीं शताब्दी ई. में निम्नलिखित में से किसके द्वारा चोल साम्राज्य की नींव डाली गई ?
(अ) राजराज चोल (ब) परान्तक
(स) कृष्ण प्रथम (द) विजयालय
उत्तर : (द) RAS/RTS 2016

48. 'सुगन्दवृत्त' (करों को हटाने वाला) की उपाधि किस चोल शासक ने धारण की ?
(अ) राजराजा प्रथम (ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) राजेन्द्र तृतीय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

49. प्रशासन के क्षेत्र में चोल राजवंश का मुख्य योगदान है–
(अ) सुनियोजित राजस्व प्रशासन में
(ब) सुनियोजित राजस्व प्रणाली में
(स) सुसंगठित केन्द्रीय सरकार में
(द) सुसंगठित स्थानीय स्वशासन में
उत्तर : (द) RRB 2005

50. किसने 1077 ई. में 92 व्यापारियों का एक शिष्टमंडल चीन भेजा ?
(अ) राजेन्द्र प्रथम (ब) परांतक प्रथम
(स) परांतक द्वितीय (द) कुलोत्तुंग चोल प्रथम
उत्तर : (द)

51. ऐहोल प्रशस्ति का रचयिता रविकीर्ति किस चालुक्य शासक का दरबारी कवि था ?
(अ) पुलकेशिन प्रथम (ब) पुलकेशिन द्वितीय
(स) विक्रमादित्य प्रथम (द) विक्रमादित्य द्वितीय
उत्तर : (ब)
व्याख्या:– ऐहोल प्रशस्ति के रचयिता जैन कवि रविकीर्ति चालुक्य नरेश पुलकेशिन द्वितीय का दरबारी कवि था। एहोल कर्नाटक के बीजपुर में बादामी के निकट स्थित एक प्राचीन स्थल है। यहाँ से चालुक्य नरेश पुलकेशिन द्वितीय का 634 ई. का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। यह प्रशस्ति के रूप में है और संस्.ा्त काव्य परम्परा में लिखा गया है। इसका रचयिता जैन कवि रविकीर्ति थे। इस अभिलेख में पुलकेशिन द्वितीय की विजयों का वर्णन है। अभिलेख में पुलकेशिन द्वितीय के हाथों हर्षवर्धन की पराजय का भी वर्णन मिलता है।

52. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राज्य / राजवंश)
A. प्राचीनतम चालुक्य / चालुक्य की मूल शाखा
B. पूर्वी चालुक्य
C. पश्चिमी चालुक्य
D. परमार
सूची–II (राजधानी)
1. वातापी / बादामी, कर्नाटक
2. वेंगी, आन्ध्रप्रदेश
3. कल्याणी, कर्नाटक
4. धार
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 3, B – 2, C – 4, D - 1
(स) A – 4, B – 1, C – 2, D - 3
(द) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
उत्तर : (अ)

53. बादामी में दुर्ग का निर्माण करवाने और बादामी को राजधानी बनाने का श्रेय किस चालुक्य शासक को है ?
(अ) पुलकेशिन प्रथम (ब) पुलकेशिन द्वितीय
(स) विक्रमादित्य प्रथम (द) विक्रमादित्य द्वितीय
उत्तर : (अ)
व्याख्या– बादामी में दुर्ग का निर्माण करवाने और बादामी को राजधानी बनाने का श्रेय चालुक्य शासक पुलकेशिन प्रथम को जाता है। पुलकेशिन प्रथम या पुलकेशी प्रथम चालुक्य नरेश रणराग का पुत्र था। चालुक्य नरेश पुलकेशिन प्रथम ने बीजापुर जिले में स्थित बादामी को राजधानी बनाकर पृथक् व स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पुलकेशिन प्रथम ने रण विक्रम, सत्याश्रय, धर्म महाराज, पृथ्वीवल्लभराज तथा राजसिंह आदि उपाधियाँ धारण की।

54. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राज्य)
A. वातापी के चालुक्य / मूल चालुक्य
B. वेंगी के चालुक्य / पूर्वी चालुक्य
C. कल्याणी के चालुक्य / पश्चिमी चालुक्य
D. कांची के पल्लव
सूची–II (संस्थापक)
1. पुलकेशिन प्रथम
2. विष्णुवर्धन
3. तैलप द्वितीय
4. सिंहविष्णु
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 3, B – 2, C – 4, D - 1
(स) A – 4, B – 1, C – 2, D - 3
(द) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
उत्तर : (अ)

55. किस चालुक्य शासक ने थानेश्वर व कन्नौज के महान् शासक हर्षवर्धन को नर्मदा के तट पर परास्त किया और उसे दक्षिण बढ़ने से रोका ?
(अ) पुलकेशिन प्रथम (ब) पुलकेशिन द्वितीय
(स) विक्रमादित्य प्रथम (द) विक्रमादित्य द्वितीय
उत्तर : (ब) CPO 2003
व्याख्या– चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सैनिक संघर्ष उत्तर भारत के सर्वशक्तिमान शासक हर्षवर्धन के विरुद्ध हुआ। पुलकेशिन द्वितीय के बारे में जानकारी उसके दरबारी कवि रविकीर्ति द्वारा प्राकृत भाषा में रचित एहोल प्रशस्ति से मिलती है। पुलकेशिन द्वितीय ने थानेश्वर व कन्नौज के शासक हर्षवर्धन को नर्मदा के तट पर हराया था। इस युद्ध से पुलकेशिन द्वितीय के गौरव में वृद्धि हुई। उसने परमेश्वर व दक्षिणापथेश्वर उपाधियाँ धारण की।

56. चालुक्यों और पल्लवों के बीच लम्बे समय तक चलने वाले संघर्ष का आरंभ किसने किया ?
(अ) पुलकेशिन द्वितीय (ब) महेन्द्रवर्मन प्रथम
(स) नरसिंहवर्मन प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– पल्लव और बादामी के चालुक्य राजाओं के बीच संघर्ष का मुख्य कारण सिंहासन, प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय संसाधनों की प्राप्ति का था। पल्लव और चालुक्यों ने कृष्णा और तुंगभद्रा नदियों के

www.rajstudents.com

बीच के क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास किया। इस संघर्ष की शुरुआत पुलकेशिन द्वितीय ने की थी। यह संघर्ष छठी सदी से 8वीं सदी तक जारी रहा। बाद में पाण्ड्य शासक भी इस संघर्ष में शामिल हो गए।

57. चालुक्य–पल्लव संघर्ष के दौरान किसने पुलकेशिन द्वितीय की हत्या कर वातापी पर कब्जा कर लिया तथा वातापीकोण्डा की उपाधि धारण की ?
(अ) महेन्द्रवर्मन प्रथम (ब) नरसिंहवर्मन प्रथम
(स) महेन्द्रवर्मन द्वितीय (द) नरसिंहवर्मन द्वितीय
उत्तर : (ब) NDA 2003
व्याख्या– पल्लव वंश के शासक नरसिंहवर्मन प्रथम ने महाबलिपुरम में अपने पिता महेन्द्रवर्मन के आरम्भ किये निर्माण महाबलिपुरम मंदिर के परिसर को पूर्ण किया। नरसिंहवर्मन प्रथम मल्ल होने के कारण उन्हें मामल्ल भी कहते हैं तथा महाबलिपुरम को ममल्लपुरम् भी कहते हैं। चालुक्य–पल्लव संघर्ष के दौरान पल्लव शासक नरसिंहवर्मन प्रथम ने चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय को पराजित किया और उसकी हत्या कर वातापी पर कब्जा कर लिया तथा वातापीकोण्डा (वातापी का विजेता) की उपाधि धारण की।

58. किस चालुक्य शासक ने चेर, चोल व पाण्ड्य को हराया, जिस कारण उसे तीनों समुद्रों (बंगाल की खाड़ी, हिन्द महासागर व अरब सागर) का स्वामी भी कहा गया ?
(अ) पुलकेशिन प्रथम (ब) पुलकेशिन द्वितीय
(स) विक्रमादित्य प्रथम (द) विक्रमादित्य द्वितीय
उत्तर : (स)
व्याख्या–

59. चालुक्य वंश का सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक था–
(अ) जयसिंह द्वितीय (ब) विक्रमादित्य चतुर्थ
(स) सोमेश्वर द्वितीय (द) पुलकेशिन द्वितीय
उत्तर : (द) SSC 2002

60. विरुपाक्ष मंदिर का निर्माण किसने किया था ?
(अ) चालुक्य (ब) पल्लव
(स) वाकाटक (द) सातवाहन
उत्तर : (अ) SSC 2000

61. वेंगी के चालुक्य राज्य का चोल साम्राज्य में विलय किसने किया ?
(अ) राजराजा प्रथम
(ब) राजेन्द्र प्रथम
(स) राजेन्द्र द्वितीय
(द) राजेन्द्र तृतीय
उत्तर : (द)

62. 'चालुक्य विक्रम संवत्' का प्रचलन किसने किया ?
(अ) तैलप प्रथम (ब) सोमेश्वर प्रथम
(स) विक्रमादित्य षष्टम (द) सोमेश्वर चतुर्थ
उत्तर : (स)

63. पहाड़ी काटकर एलोरा के विश्वविख्यात कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण कराया था–
(अ) कदम्ब ने (ब) राष्ट्रकूट ने
(स) चोल ने (द) चेर ने
उत्तर : (ब) SSC 2002
व्याख्या– पहाड़ी काटकर एलोरा के विश्वविख्यात कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम ने कराया था। एलोरा का कैलानाथ मंदिर महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में प्रसिद्ध एलोरा की गुफाओं में स्थित है। यह मंदिर विश्व में एक ही पत्थर की शिला से बनी हुई सबसे बड़ी मूर्ति के प्रसिद्ध है। यह मंदिर एलोरा की गुफा संख्या 16 में स्थित है।

64. राष्ट्रकूट साम्राज्य का संस्थापक कौन था ?
(अ) दन्तिदुर्ग (ब) अमोघवर्ष
(स) गोविन्द्र तृतीय (द) इन्द्र तृतीय
उत्तर : (अ) SSC 2001

65. 8वीं सदी के प्रारंभ में निम्नलिखित में से किसने जोरोऐस्ट्रियनों (पारसियों) को शरण दी जो पर्शिया (ईरान) से समुद्र द्वारा फरार होकर तटीय रास्ते से पश्चिमी भारत पहुँचे थे ?
(अ) चालुक्यों ने (ब) चोलों ने
(स) होयसलों ने (द) राष्ट्रकूटों ने
उत्तर : (द)

66. राष्ट्रकूटकालीन स्थापत्य कला के नमूने मिलते हैं–
(अ) एलोरा (ब) एलीफेण्टा
(स) तंजौर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

67. एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण किसने कराया था ?
(अ) दन्तिदुर्ग (ब) कृष्ण प्रथम
(स) ध्रुव (द) गोविन्द तृतीय
उत्तर : (ब)

68. किसने मान्यखेत को राष्ट्रकूट राज्य की राजधानी बनायी ?
(अ) धारावर्ष (ब) अमोघवर्ष
(स) कृष्ण प्रथम (द) गोविन्द तृतीय
उत्तर : (ब)

69. किसने कन्नड़ काव्य–शास्त्र की प्राचीनतम कृति 'कविराजमार्ग' की रचना की ?
(अ) कृष्ण प्रथम (ब) अमोघवर्ष
(स) ध्रुव (द) गोविन्द तृतीय
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

70. राष्ट्रकूट काल में 'राष्ट्र' (प्रांत) का प्रधान कहलाता था–
(अ) राष्ट्रपति (ब) राष्ट्रिक
(स) रठिक (द) विषयपति
उत्तर : (अ)

71. किस राजवंश का काल कन्नड़ साहित्य के उत्पत्ति का काल माना जाता है ?
(अ) सातवाहन (ब) राष्ट्रकूट
(स) चोल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

72. राष्ट्रकूट कालीन 'कन्नड़ साहित्य के त्रिरत्न' में शामिल नहीं था–
(अ) पंप (ब) पोन्न
(स) रन्न (द) सायण
उत्तर : (द)

73. राष्ट्रकूटों को किसके द्वारा उखाड़ फेंका गया था ?
(अ) जयसिंह (ब) पुलकेशिन द्वितीय
(स) विक्रमादित्य चतुर्थ (द) तैलप द्वितीय
उत्तर : (द) RRB 2005

74. किस राष्ट्रकूट शासक ने रामेश्वरम् में विजय स्तंभ एवं देवालय की स्थापना की थी ?
(अ) कृष्ण प्रथम (ब) कृष्ण प्रथम
(स) कृष्ण तृतीय (द) इन्द्र तृतीय
उत्तर : (स)

75. एलोरा गुफाओं का निर्माण कराया था–
(अ) पल्लवों ने (ब) चोलों ने
(स) राष्ट्रकूटों ने (द) पालों ने
उत्तर : (स) UPPCS 1999

76. रविकीर्ति द्वारा निर्मित जिनेन्द्र मंदिर/मेगुती मंदिर, ऐहोल का संबंध है–
(अ) शैव धर्म से (ब) वैष्णव धर्म से
(स) जैन धर्म से (द) बौद्ध धर्म से
उत्तर : (स)

77. ऐहोल का लाढ़ खाँ मंदिर किस देवता का समर्पित है ?
(अ) शिव (ब) विष्णु
(स) सूर्य (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

78. राष्ट्रकूट वंश की राजधानी थी–
(अ) मान्यखेत (ब) कन्नौज
(स) दिल्ली (द) पाटलिपुत्र
उत्तर : (अ)

79. पाण्ड्य साम्राज्य की राजधानी कहाँ थी ?
(अ) कांची (ब) मदुरै
(स) कावेरीपट्टनम (द) तिरुणी
उत्तर : (ब) SSC 2001

80. वेनिस यात्री मार्कोपोलो के पाण्ड्य राज्य के भ्रमण के समय वहाँ का शासक था–
(अ) मारवर्मन कुलशेखर
(ब) जटावर्मन सुंदर पांड्य
(स) जटावर्मन कुलशेखर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

81. यादव सम्राटों की राजधानी कहाँ थी ?
(अ) द्वारसमुद्र (ब) वारंगल
(स) कल्याणी (द) देवगिरि
उत्तर : (द) SSC 1999

82. होयसल की राजधानी का नाम क्या है ?
(अ) वारंगल (ब) देवगिरि
(स) द्वारसमुद्र (द) कृष्णागिरि
उत्तर : (स) SSC 1999

83. पापनाथ का मंदिर, पत्तडकल का निर्माण किस वंष के शासक ने किया ?
(अ) वातापी के चालुक्य (ब) राष्ट्रकूट
(स) चोल (द) पल्लव
उत्तर : (अ)

84. 'मत्तविलास प्रहसन' नाटक के रचयिता थे–
(अ) महेन्द्रवर्मन प्रथम (ब) महेन्द्रवर्मन द्वितीय
(स) नरसिंहवर्मन प्रथम (द) नरसिंहवर्मन द्वितीय
उत्तर : (अ)

85. मंदिर निर्माण शैली 'माम्मल शैली' के प्रतिपादक थे–
(अ) महेंद्रवर्मन प्रथम (ब) नरसिंहवर्मन प्रथम
(स) नरसिंहवर्मन द्वितीय (द) नंदीवर्मन
उत्तर : (ब)

86. मंदिर निर्माण शैली 'राजसिंह शैली' के प्रतिपादक थे–
(अ) महेंद्रवर्मन प्रथम (ब) नरसिंहवर्मन प्रथम
(स) नरसिंहवर्मन द्वितीय (द) नंदीवर्मन
उत्तर : (स)

87. मंदिर निर्माण शैली 'अपराजित शैली' के प्रतिपादक थे–
(अ) महेंद्रवर्मन प्रथम (ब) नरसिंहवर्मन प्रथम
(स) नरसिंहवर्मन द्वितीय (द) नंदीवर्मन
उत्तर : (द)

88. भगवान नटराज का वह प्रसिद्ध मंदिर, जिसमें भरतनाट्यम शिल्प कला है, स्थित है–
(अ) तिरुवण्मलै (ब) मदुरै
(स) चिदंबरम (द) तंजौर
उत्तर : (स) RRB 2005

89. माम्मलपुरम किसका समानार्थी है ?
(अ) महाबलिपुरम (ब) उज्जयिनी
(स) मदुरै (द) कल्याणी
उत्तर : (अ)

90. तीन मुखवाली ब्रह्मा, विष्णु व महेश की मूर्ति, जो त्रिमूर्ति के नाम से जानी जाती है–
(अ) कल्वा (ब) एलोरा
(स) एलीफेण्टा (द) अजन्ता
उत्तर : (द) RRB 2004

91. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (पल्लवकालीन प्रशासकीय विभाजन)
A. राष्ट्र (प्रांत)
B. विषय (जिला)
C. कोट्टम (तालुका)
D. ग्राम
सूची–II (प्रधान)
1. विषयिक
2. राष्ट्रिक
3. ग्रामभोजक
4. देशाधिकृत
(अ) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(ब) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

92. 'महाभारत' का 'भारत वेणवा' नाम से तमिल में किसने अनुवाद किया ?
(अ) तोल्लकप्पियर (ब) इलांगो आगिल
(स) सीतलै शतनार (द) पेरुन्देवनार
उत्तर : (द)

93. माम्मलपुरम के मंडप मंदिरों एवं रथ मंदिरों (सप्त पगोड़ा) का निर्माण किसने कराया ?
(अ) महेन्द्रवर्मन प्रथम
(ब) नरसिंहवर्मन प्रथम 'माम्मल'
(स) नरसिंहवर्मन द्वितीय 'राजसिंह'
(द) नंदिवर्मन अपराजित
उत्तर : (ब)

94. किस मंदिर को 'राजसिंहेश्वर/राजसिद्धेश्वर' मंदिर' भी कहा जाता है ?
(अ) कांची का कैलाशनाथ मंदिर
(ब) कांची का मुक्तेश्वर मंदिर
(स) कांची का मातंगेश्वर मंदिर
(द) गुडिमम्मलम का परशुरागेश्वर मंदिर
उत्तर : (अ)

95. 'विक्रमांकदेवचरित' का रचयिता बिल्हण एवं 'मिताक्षरा' के रचनाकार विज्ञानेश्वर संरक्षक शासक थे–
(अ) तैलप द्वितीय (ब) विक्रमादित्य षष्टम
(स) सोमेश्वर प्रथम (द) सोमेश्वर चतुर्थ
उत्तर : (ब)

96. 'मिताक्षरा' की विषयवस्तु है–
(अ) आयुर्वेद
(ब) खगोल
(स) काव्य शास्त्र
(द) हिन्दू पारिवारिक विधि संहिता
उत्तर : (द)

97. गोपुरम (मुख्य द्वार) के प्रारंभिक निर्माण का स्वरूप सर्वप्रथम किस मंदिर में मिलता है ?
(अ) कांची का कैलाशनाथ मंदिर
(ब) तंजौर का वृहदीश्वर मंदिर
(स) गंगैकोण्डचोलपुरम का मंदिर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

98. 12वीं सदी के राष्ट्रकूट वंश के पाँच शिलालेख किस राज्य में मिले हैं ?
(अ) तमिलनाडु (ब) कर्नाटक
(स) केरल (द) महाराष्ट्र
उत्तर : (ब)

99. निम्नांकित राजवंशों में से किसके शासक अपने शासनकाल में ही अपना उत्तराधिकारी घोषित कर देते थे ?
(अ) चालुक्य (ब) चोल
(स) कदम्ब (द) कल्चुरि
उत्तर : (ब) UPPCS 2003

100. दक्षिणी भारत का 'तक्कोलम का युद्ध' हुआ था–
(अ) चोल एवं उत्तर चालुक्यों के मध्य
(ब) चोल एवं राष्ट्रकूटों के मध्य
(स) चोल एवं होयसल के मध्य
(द) चोल एवं पाण्ड्यों के मध्य
उत्तर : (ब) UPPCS 2003

101. रावण की खाई, दशावतार, कैलाश गुफा मंदिर आदि मिलते हैं–
(अ) एलोरा में (ब) एलीफैण्टा में
(स) तंजौर में (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

102. एलोरा में गुफाओं व शैलकृत मंदिरों का संबंध है–
(अ) बौद्धों से
(ब) बौद्धों एवं जैनों से
(स) हिन्दुओं एवं जैनों से
(द) हिन्दुओं, बौद्धों एवं जैनों से
उत्तर : (द) UPPCS 1998

103. द्रविड़ शैली के मंदिरों में 'गोपुरम' से तात्पर्य है–
(अ) गर्भगृह से
(ब) दीवारों पर की गई चित्रकारी से
(स) शिखर से
(द) तोरण के ऊपर बने अलंकृत एवं बहुमंजिला भवन से
उत्तर : (स) UPPCS 1998

104. निम्नलिखित में से चोल प्रशासन की विशेषता क्या थी ?
(अ) साम्राज्य का मण्डल में विभाजन
(ब) ग्राम प्रशासन की स्वायत्तता
(स) राज्य में मंत्रियों को समस्त अधिकार
(द) कर संग्रह प्रणाली का सस्ता एवं उचित देना
उत्तर : (ब) UPPCS 1995

105. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (ग्रंथकार)
A. पंप
B. पोन्न
C. रन्न
D. शकटायन
सूची–II (ग्रंथ)
1. आदिपुराण
2. शांतिपुराण
3. अजितपुराण
4. अमोघवृत्ति
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

106. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित (ग्रंथ–ग्रंथकार) है ?
(अ) पेरियरपुराणम – शेक्किलर
(ब) वीरशोलियम – बुद्धमित्र
(स) कलिंगतुप्पनि – जयगोंदन
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

107. युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन–सी उपाधि दी जाती थी ?
(अ) क्षत्रिय शिखामणि (ब) वेडेक्कार
(स) महादण्डनायक (द) धर्मभट्ट
उत्तर : (अ)

108. 'परैया' का अर्थ है–
(अ) अछूत (ब) ब्राह्मण
(स) क्षत्रिय (द) वैश्य
उत्तर : (अ)

109. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. पेरुन्द्रम
B. सिरुतरम
C. ओलेनायक्म
D. विदैयाधिकारी
सूची–II
1. उच्च श्रेणी के अधिकारी वर्ग
2. निम्न श्रेणी के अधिकारी वर्ग
3. मुख्य सचिव
4. प्रेषण लिपिक
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

110. महासभा की कार्यकारिणी समिति को कहा जाता था–
(अ) वरियम (ब) आलूंगणम
(स) नगरम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

111. कहाँ से प्राप्त अभिलेख से महासभा की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तृत जानकारी मिलती है ?
(अ) उत्तरमेरूर (ब) तंजौर
(स) मणिमंगलम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

112. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (चोलकालीन प्रशासकीय विभाजन)
A. मंडलम
B. वलनाडू
C. नाडु
D. कुर्रम
सूची–II (समतुल्य)
1. प्रांत
2. कमिश्नरी
3. जिला
4. ग्राम सभा
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

113. तंजौर का वृहदीश्वर/राजराजेश्वर मंदिर किस देवता को समर्पित है ?
(अ) शिव (ब) विष्णु
(स) सूर्य (द) इन्द्र
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

114. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. उरार
B. सभा/महासभा
C. नगरम
D. पूग
सूची–II
1. उर ग्राम (सामान्य ग्राम) की सभा
2. चतुर्वेदीमंगलम ग्राम (ब्राह्मणों को दान में दिया गया गाँव) की सभा
3. नगर के व्यापरियों की सभा
4. शिल्पियों की सभा
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

115. 'नानादेशिनिगम' क्या था ?
(अ) दूर–दूर के प्रदेशों व विदेशों के साथ व्यापार करने वाले व्यापारियों का निगम
(ब) नगर के व्यापारियों का निगम
(स) तेल का व्यापार करने वालों का निगम
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

116. निम्नलिखित में सुमेलित (ग्रंथ–ग्रंथकार) है–
(अ) कम्बन – रामायणम/रामावतारम
(ब) कुट्टन – पिल्लईतामिल
(स) पुगलेन्दी – नलवेम्बा
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

117. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राज्य/राजवंश)
A. काकतीय
B. यादव
C. होयसल
D. शिलाहार
सूची–II (राज्य क्षेत्र)
1. वारांगल, आंध्रप्रदेश
2. देवगिरी, महाराष्ट्र
3. द्वारसमुद्र, कर्नाटक
4. कोंकण, महाराष्ट्र
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

118. किसने 'ऋगार्थ दीपिका' (ऋग्वेद पर टीका) की रचना की ?
(अ) कम्बन (ब) कुट्टन
(स) पुगलेन्दि (द) वेंकटमाधव
उत्तर : (द)

119. रुद्राम्बा किस राजवंश की प्रसिद्ध महिला शासक थी ?
(अ) काकतीय (ब) यादव
(स) होयसाल (द) पाण्ड्य
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com